तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 25.0 डिग्री

हरिभूमि कोरबा भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 1 अक्टूबर 2026

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा



खबर संक्षेप

जिला स्तरीय वरिष्ठ नागरिक सम्मान समारोह आज

कोरबा। अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर 1 अक्टूबर को कोरबा में वरिष्ठ नागरिकों के सम्मान के लिए जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम टी.पी. नगर स्थित इंदिरा गांधी ऑडिटोरियम खेल परिसर में दोपहर 2 बजे से शुरू होगा। जिला पंचायत कोरबा द्वारा जारी आदेश के अनुसार कार्यक्रम की तैयारियों के लिए संबंधित विभागों को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

सेवा यात्रा बाइक रैली आज पहुंचेगी भैसमा और पसान

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित सेवा यात्रा बाइक रैली 1 अक्टूबर को दोपहर 2.30 बजे भैसमा पहुंचेगी। यहां विद्यार्थियों को कॉपी और पेन वितरित किए जाएंगे। इसके बाद रैली शाम 4.30 बजे पसान पहुंचेगी, जहां प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों से संपर्क कर योजना के संबंध में चर्चा की जाएगी। रैली रात लगभग 8.30 बजे कटघोरा स्थित अग्रसेन भवन, सेवा कुंज, गोकुल धाम पहुंचेगी और यहीं रात्रि विश्राम करेगी। अगले दिन, 2 अक्टूबर को सुबह 6.30 बजे रैली में शामिल जनप्रतिनिधि कार्यक्रम में भाग लेंगे।

ग्रामीणों ने उपचार के दौरान लापरवाही का लगाया आरोप

अस्थाई स्वास्थ्य केंद्र में महिला की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत



मृतका का शव।



विरोध दर्ज कराते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

ग्राम पंचायत रेकी की निवासी 60 वर्षीया भगा बाई पति गौठिया पटेल की हरदीबाजार स्थित अस्थाई सरकारी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के दौरान संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई इस घटना के बाद स्वास्थ्य केंद्र में अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। आक्रोशित परिजनों व ग्रामीणों ने चिकित्सकों पर उपचार के दौरान लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर लगभग 1 बजे भगा बाई गांव के ही तालाब में स्नान कर घर लौट रही थीं इसी दौरान उनके शरीर में अचानक तेज दर्द व पीड़ा महसूस हुई महिला के पोते व परिजन तत्काल उन्हें हरदीबाजार स्थित अस्थाई शासकीय स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों द्वारा महिला का ब्लड बीपी व अन्य आवश्यक जांच कराने की सलाह दी गई परिजनों ने बाहर से सभी जांचें करवाईं जिनकी रिपोर्ट पूरी तरह सामान्य आई जांच कराने के पश्चात महिला स्वयं पैदल चलकर अस्पताल के भीतर पहुंची थी इसके बाद प्रभारी डॉक्टर द्वारा महिला का उपचार शुरू किया गया लेकिन इलाज के कुछ ही घंटों के भीतर भगा बाई की मौत हो गई। इस घटना के बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण अस्पताल परिसर पहुंचे। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि हरदीबाजार के मूल अस्पताल भवन के ध्वस्तीकरण के बाद पाली ब्लॉक के अनुविभागीय ⏭शेष पेज 3 पर

मुआवजे की मांग, पोस्टमार्टम कराने से परिजनों का इनकार

घटना के बाद बीएमओ और हरदीबाजार स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी डॉक्टर के प्रति ग्रामीणों और परिजनों में आक्रोश देखने को मिला। स्थिति को संभालने पहुंचे तहसीलदार ने दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराने का सुझाव दिया जिसे परिजनों और ग्रामीणों ने सिरे से खारिज कर दिया। ग्रामीण पीड़ित परिवार के लिए उचित मुआवजे और दोषी डॉक्टरों पर कार्रवाई की मांग पर अड़े रहे। महिला के शव को पाली ब्लॉक सरकारी स्वास्थ्य केंद्र के फ्रीजर में रखकर रातभर हरदीबाजार के स्वास्थ्य केंद्र में ही सुरक्षित रखा गया है शांति व्यवस्था और सुरक्षा के दृष्टिकोण से दीपका कुसमुंडा और हरदीबाजार पुलिस बल मौके पर तैनात रहा ।

जनप्रतिनिधि व ग्रामीण रहे मौजूद

घटना की सूचना मिलते ही कटघोरा क्षेत्र के क्षेत्रीय विधायक प्रेमचंद पटेल, जिला पंचायत उपाध्यक्ष निकिता, मुकेश जायसवाल, नरेश टंडन, अनिल टंडन, हरदीबाजार सरपंच लोकेश्वर कंवर, अनुसुईया राठौर, मनमोहन खांडे, श्याम रात्रे, कृष्णा पटेल, रमेश अहीर, इंद्र भूषण ओढे (पंच) और उत्तम पटेल सहित भारी संख्या में ग्रामीण मौके पर उपस्थित रहे और परिजनों को ढांढस बंधाया।





खबर संक्षेप

दुखुराम बने छत्तीसगढ़ धोबी समाज के प्रादेशिक प्रवक्ता



कोरबा। बालको निवासी दुखुराम बरेठ को राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्ण कुमार कनौजिया के निर्देश और सामाजिक चिंतक संतराम कन्नौजे की अनुशंसा पर प्रदेश अध्यक्ष सूरज निर्मलकर ने छत्तीसगढ़ धोबी समाज का प्रादेशिक प्रवक्ता नियुक्त किया है।

गृह निर्माण मंडल ने चलाया स्वच्छता अभियान



कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल, संभाग कोरबा ने 23 से 25 सितंबर तक 'सेवा मेरा योगदान' कार्यक्रम आयोजित किया। इस दौरान मंडल के अधिकारियों, कर्मचारियों और कॉलोनीवासियों ने स्वच्छता एवं वृक्षारोपण अभियान में भाग लिया। अटल विहार कॉलोनी, झगरहा में स्वच्छता अभियान चलाने के साथ पौधरोपण किया गया। दीनदयाल आवासीय कॉलोनी, रामपुर में रहवासियों को नशे से दूर रहने और नशामुक्त जीवन अपनाने के लिए जागरूक किया गया।

सेवा संकल्प अभियान के तहत कल से जिले में लगेंगे विशेष शिविर

कोरबा। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक संचालित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आम नागरिकों तक विभिन्न शासकीय सेवाओं एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से नगरीय निकाय एवं जनपद पंचायत क्षेत्रों में विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। शिविरों के सुव्यवस्थित आयोजन के लिए कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुणाल दुदावत द्वारा नोडल एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति करते हुए संशोधित आदेश जारी किया गया है। जारी कार्यक्रम के अनुसार नगर पंचायत पाली एवं जनपद पंचायत कोरबा, पाली तथा पोड़ी उपरोड़ा में 1 अक्टूबर, नगर पालिका परिषद दीपका एवं नगर पंचायत छुरीकला में 2 अक्टूबर, नगर पालिक निगम कोरबा एवं जनपद पंचायत करतला में 3 अक्टूबर, नगर पालिका परिषद कटघोरा एवं बांकीमोंगरा में 5 अक्टूबर तथा जनपद पंचायत कटघोरा में 6 अक्टूबर को शिविर आयोजित किए जाएंगे।

शिव मंदिर में गौ सम्मान अभियान की बैठक संपन्न



पाली। शिव मंदिर परिसर में गौ सम्मान अभियान को लेकर महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जो विभिन्न विषयों पर चर्चा के साथ संपन्न हुई। बैठक में गौसेवा, गोवंश संरक्षण एवं समाज में गौवंश के प्रति सम्मान और जागरूकता बढ़ाने को लेकर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। बैठक में उपस्थित सदस्यों एवं गौसेवकों ने अभियान को केवल एक स्थान तक सीमित न रखते हुए प्रत्येक ग्राम पंचायत तक पहुंचाने और वहां भी गौ सम्मान अभियान आयोजित करने का संकल्प लिया। इस दौरान ग्रामीण क्षेत्रों में गौसेवा के प्रति जनजागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि अभियान को व्यापक स्तर पर सफल बनाने के लिए समाज के विभिन्न वर्गों और युवाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। गौवंश के लिए चारा-पानी, संरक्षण तथा सेवा से जुड़े विषयों पर भी चर्चा की गई। इसी क्रम में 17 दिसंबर को राजधानी रायपुर जाकर गौ सेवा अभियान को सफल बनाने के लिए संबंधित स्तर पर निवेदन एवं सहयोग की अपील करने की बात कही गई। अभियान से जुड़े लोगों ने कहा कि गौसेवा और संरक्षण के उद्देश्य को आगे बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास आवश्यक हैं।

श्री सर्वेश्वरी समूह का 66वां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया

कोरबा। बालकोनगर स्थित श्री अवधूत भगवान राम सेवाश्रम में श्री सर्वेश्वरी समूह का 66वां स्थापना दिवस, महाराज कीनाराम जयंती एवं लोलार्क षष्ठी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत आश्रम परिसर में प्रभात फेरी से हुई। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के अंतर्गत युवा सर्वेश्वरी सैनिकों ने नगर के विभिन्न मंदिरों, मस्जिदों, गिरजाघरों एवं अन्य धार्मिक संस्थाओं में स्वच्छता के उद्देश्य से झाड़ू वितरित किए। इसके बाद आश्रम परिसर में ध्वजारोहण किया गया। सफल योनि का पाठ शाखा मंत्री संतोष शांडिल्य ने कराया। कार्यक्रम में विचार गोष्ठी एवं भजन-कीर्तन का भी आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विचार गोष्ठी में संतोष शांडिल्य ने श्री सर्वेश्वरी समूह के 19 सूत्रीय कार्यक्रम के तहत संचालित सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, मानवता की सेवा तथा जनकल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी।

समय-सीमा की बैठक में जनदर्शन प्रकरणों, निर्माण कार्यों और प्रगतिरत कार्य 15 अक्टूबर तक पूर्ण करने के निर्देश

लंबित शिकायतों का समय पर करें निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेकर शासन की योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने मुख्यमंत्री जनदर्शन, पीएमओ-पीजी पोर्टल और कलेक्टर जनदर्शन में दर्ज लंबित प्रकरणों का समय पर निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि शिकायतों पर की गई कार्रवाई की नियमित समीक्षा हो और आवेदकों को निराकरण की जानकारी भी दी जाए।

कलेक्टर ने सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आयोजित होने वाले सेवा सेतु शिविरों की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को शिविरों में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने तथा पात्र हितग्राहियों की सूची पहले से तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि उन्हें योजनाओं का लाभ और स्वीकृत सामग्री का वितरण किया जा सके। उन्होंने शिविरों के माध्यम से पीएमओ-पीजी पोर्टल में दर्ज शिकायतों के निराकरण पर भी ध्यान देने को कहा। शिविरों में आधार संबंधी सेवाओं के लिए ऑपरेटर और पृथक काउंटर की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने 2 से 8 अक्टूबर तक प्रस्तावित स्वच्छता संबंधी गतिविधियों के तहत नदी-घाटों की सफाई, प्लास्टिक मुक्त अभियान और अन्य स्वच्छता कार्यक्रमों की तैयारी करने को कहा। उन्होंने 7 अक्टूबर को प्रस्तावित सेवा ज्योति यात्रा और रैली की व्यवस्थाओं के संबंध में भी अधिकारियों को निर्देश दिए। एक अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के आयोजन के लिए समाज कल्याण विभाग को आवश्यक तैयारी करने को कहा। प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कृषि विभाग को कमजोर प्रगति वाले ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों के कार्य में सुधार लाने और ड्रोन दीदी प्रशिक्षण और एफपीओ की बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए। उन्होंने उद्यान विभाग को ऑयल पाम की खेती को बढ़ावा देने को कहा।

सहकारिता विभाग और जिला सहकारी केंद्रीय बैंक के नोडल अधिकारी को उद्यानिकी, पशुपालन एवं मत्स्य विभाग से प्राप्त किसान क्रेडिट कार्ड के आवेदनों का परीक्षण कर पात्र प्रकरणों में स्वीकृति की कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सहायक आयुक्त, आदिवासी विकास विभाग को निर्देशित किया कि छात्रवृत्ति पोर्टल पर स्कूल और कॉलेज के सभी पात्र विद्यार्थियों की प्रविष्टि सुनिश्चित की जाए, ताकि वे छात्रवृत्ति से वंचित न रहें। विद्युत विभाग को बिजली संबंधी शिकायतों, विशेषकर खराब ट्रांसफार्मर बदलने के प्रकरणों पर त्वरित कार्रवाई करने तथा शासकीय कार्यक्रमों के दौरान निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।



अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर।

निर्माण की गुणवत्ता और डीएमएफ राशि के लेखे-जोखे में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर ने एजेंसियों को निर्देश दिए कि स्वीकृत परियोजनाओं, विशेषकर महत्वपूर्ण निर्माण कार्यों, के लिए भूमि अभिलेखों की पहले जांच करें और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करें। उन्होंने स्वीकृत तकनीकी प्राक्कलन और गुणवत्ता मानकों के अनुसार ही कार्य कराने को कहा। मानकों के विपरीत निर्माण पाए जाने पर उसे तुड़वाने की कार्रवाई की चेतावनी दी। कलेक्टर ने विगत तीन वर्षों से अधूरे निर्माण कार्यों पर नाराजगी जताई और संबंधित अधिकारियों को नियमित निगरानी कर उन्हें शीघ्र पूरा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्व में स्वीकृत किंतु निरस्त डीएमएफ कार्यों की राशि वापस कराने, विभागों को प्रदान किए गए डीएमएफ राशि के लिए अलग खाता और कैश बुक संधारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पूर्ण कार्यों की गुणवत्तापूर्ण तस्वीरों सहित जानकारी प्रस्तुत करने को भी कहा।

गेवरा बस्ती भूमि अधिकरण को लेकर बैठक 80 प्रतिशत खातेदारों के रिकॉर्ड सुधार का दावा



ज्ञापन सौंपते भूविस्थापित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

गेवरा बस्ती के भूमि अधिकरण और खातेदारों के राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज त्रुटियां के निराकरण को लेकर कुसमुंडा क्षेत्र में संबंधित प्रतिनिधियों और अधिकारियों की बैठक आयोजित की गई। बैठक में भूमि रिकॉर्ड में सुधार मुआवजा प्रक्रिया और प्रभावित किसानों की समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक की शुरुआत कुसमुंडा क्षेत्र के स्टाफ अधिकारी द्वारा उपस्थित प्रतिनिधियों एवं प्रभारी ग्रामीण ग्राम वासियों के स्वागत के साथ हुई उसके बाद गेवरा बस्ती के अधिग्रहण से संबंधित खाता जमीन पत्रक में टूटी सुधार के लिए तहसील कार्यालय द्वारा की जा रही कार्रवाई की जानकारी दी गई।

दीपका तहसीलदार ने बैठक में बताया कि खातेदारों के रिकॉर्ड में त्रुटि के सुधार के लिए विभाग गंभीरता से कम कर रहा है। उनके अनुसार करीब 80 प्रतिशत खातेदारों को रिकॉर्ड में सुधार किया जा चुका है जबकि लगभग 20 प्रतिशत मामलों में त्रुटि सामने आई है। कुसमुंडा क्षेत्र के प्रबंधक ने बैठक में स्थिति स्पष्ट करते हुए अस्वस्थ किया कि रिकॉर्ड में दर्ज त्रुटि का निराकरण होने के बाद ही भूमि अधिग्रहण से संबंधित आगे की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में बताया गया है कि डेढ़ माह के भीतर मुआवजे से संबंधित प्रक्रिया क्षेत्र इस तरह से पूरी कर सक्षम स्तर पर अनुमोदन के लिए भेजने की दिशा में कार्रवाई की जाएगी। आवश्यक अनुमोदन के लिए प्रस्ताव कलेक्टर को भेजे जाने की बात कही गई। बैठक में ग्राम प्रतिनिधियों ने भूमि अधिग्रहण के लिए किए गए सर्वे और मुआवजे की गणना के आधार को लेकर सवाल किया अधिकारी की ओर से बताया गया की सर्वे का कार्य किया जा चुका है मुआवजे की गणना समय पर प्रचलित दरों के आधार पर की जाएगी।

गड्ढों में सड़क या सड़क में गड्ढे, रिस्दी-रजगामार मार्ग पर फूटा ग्रामीणों का गुस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

रिस्दी से रजगामार तक की जर्जर सड़क अब सिर्फ आवागमन की समस्या नहीं रही, बल्कि यह मुद्दा प्रशासन और एसईसीएल के सामने एक बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे, रोजाना आवाजाही और लगातार हादसों की शिकायतों के बीच ग्राम पंचायत रजगामार की उपसरपंच श्रीमती पूनम चौरसिया ने कलेक्टर और एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक को पत्र सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की है।



पूनम चौरसिया

खास बात

- उप सरपंच ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

उपसरपंच ने मांग रखी है कि रिस्दी चौक से रजगामार तक की सड़क का निर्माण एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के सीएसआर मद से कराया जाए। उनका कहना है कि यह मार्ग एसईसीएल के प्रभावित क्षेत्र से जुड़ा है और करीब 15 गांवों के ग्रामीण रोजाना इस सड़क का इस्तेमाल करते हैं। पत्र में सड़क की मौजूदा स्थिति को बेहद खराब बताते हुए कहा गया है कि मार्ग पर जगह-जगह बड़े गड्ढे हो गए हैं। ग्रामीणों के अनुसार खराब सड़क के कारण आवागमन मुश्किल हो गया है और दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बना हुआ है। उपसरपंच ने सवाल उठाया है कि जब एसईसीएल के सीएसआर मद से क्षेत्र की दूसरी प्रमुख सड़कों के निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, तो रिस्दी-रजगामार मार्ग को भी प्राथमिकता क्यों नहीं मिलनी चाहिए। मामला कलेक्टर जनदर्शन तक पहुंचा तो कलेक्टर कुणाल दुदावत ने रिस्दी से रजगामार तक की खराब सड़क के संबंध में जल्द स्वीकृति की प्रक्रिया कराने का आश्वासन देते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। वहीं एसईसीएल कोरबा क्षेत्र के महाप्रबंधक की ओर से भी आश्वासन दिया गया कि हेडक्वार्टर से अप्रूवल मिलते ही सड़क निर्माण की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

घर-घर से जुटा प्लास्टिक कचरा बनेगा जिले की ग्रामीण सड़कों का हिस्सा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

घरों से एकत्र होने वाला प्लास्टिक कचरा अब कोरबा के दूरस्थ गांवों की सड़कों के निर्माण में काम आ सकेगा। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में जिले के लिए लगभग 162 किलोमीटर लंबी 55 सड़कें स्वीकृत हुई हैं। इनके निर्माण में डामर के साथ उपयुक्त अपशिष्ट प्लास्टिक का उपयोग प्रस्तावित है। इसके लिए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग ने 61 टन प्लास्टिक सामग्री की मांग की है।

खास बात

- प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के चौथे चरण में लगभग 162 किलोमीटर की 55 सड़कें स्वीकृत

कलेक्टर कुणाल दुदावत ने बताया कि स्वीकृत सड़कें कोरबा, करतला, पोड़ी-उपरोड़ा और पाली विकासखंड के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में बनेंगी। निर्माण प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है और वर्तमान में मिट्टी संबंधी कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पक्की सड़कें बनने से ग्रामीणों का आवागमन सुगम होगा तथा शिक्षा, स्वास्थ्य और अन्य आवश्यक सेवाओं तक उनकी पहुंच बेहतर होगी। कलेक्टर श्री दुदावत ने कहा कि प्लास्टिक कचरे का उचित उपयोग ग्रामीण विकास के साथ पर्यावरण संरक्षण का भी अवसर है। नगर निगम क्षेत्र में घर-घर कचरा संग्रहण से जुड़ी महिलाओं का परिश्रम इस पहल की महत्वपूर्ण कड़ी बन सकता है। उन्होंने संबंधित विभागों को सड़क निर्माण के लिए निर्धारित तकनीकी मानकों के अनुरूप प्लास्टिक की छंटाई, तैयारी और आपूर्ति में समन्वय रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रयास ऐसा हो कि सड़कों के निर्माण के साथ कचरा प्रबंधन बेहतर हो और स्व-सहायता समूह की महिलाओं को भी इसका आर्थिक लाभ मिले। उन्होंने सड़क सहित अन्य निर्माण कार्यों में उपयोगिता के आधार पर प्लास्टिक सहित फ्लाईएश के उपयोग को प्राथमिकता देने की बात कही।

62 हजार घरों से कचरा जुटाती हैं स्व-सहायता समूह की महिलाएं

निगम क्षेत्र में लगभग 62 हजार घरों से प्रतिदिन कचरे का संग्रहण किया जाता है। इस कार्य से स्व-सहायता समूहों की 644 महिला सदस्य जुड़ी हैं। एकत्र कचरा 16 एमआरएफ केंद्रों में पहुंचता है, जहां प्लास्टिक सहित विभिन्न प्रकार के कचरे को अलग किया जाता है। उपयोगिता के अनुसार छांटी गई सामग्री का विक्रय भी किया जाता है। जानकारी के अनुसार प्रतिदिन लगभग 155 टन कचरा एकत्र होता है। इसमें करीब 40 प्रतिशत सूखा और 60 प्रतिशत गीला कचरा होता है। एकत्र कचरे में प्रतिदिन लगभग चार से पांच टन प्लास्टिक भी शामिल रहता है। सड़क निर्माण के लिए उपयुक्त प्लास्टिक की छंटाई और आपूर्ति से कचरा संग्रहण एवं पृथक्करण से जुड़ी महिलाओं के लिए आय का अवसर बढ़ सकता है।

परियोजना प्रविष्टि और जीआईएस आधारित योजना निर्माण का प्रशिक्षण



प्रशिक्षण में उपस्थित अधिकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रधानमंत्री गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के जीआईएस आधारित पोर्टल के प्रभावी उपयोग के लिए मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में एक दिवसीय जिला स्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में विभागीय अधिकारियों को पोर्टल पर पंजीयन, लॉगिन, परियोजना की प्रविष्टि तथा उपलब्ध जानकारी के उपयोग की प्रक्रिया समझाई गई।

रायपुर से आए उद्योग विभाग के अधिकारियों ने बताया कि सड़क, भवन और अन्य अधोसंरचना कार्यों की योजना बनाते समय संबंधित विभाग पोर्टल पर उपलब्ध जानकारी देखें और आपस में समन्वय करें। इससे प्रस्तावित कार्यों के बीच संभावित टकराव की पहचान पहले ही की जा सकेगी तथा परियोजनाओं में विलंब और अतिरिक्त लागत कम करने में मदद मिलेगी। उन्होंने विभागों से अपनी जानकारी पोर्टल पर दर्ज करने के साथ उसे नियमित रूप से अद्यतन रखने को कहा। प्रशिक्षण में पीएम गतिशक्ति पोर्टल के साथ छत्तीसगढ़ शासन के सीजी जियो पोर्टल की उपयोगिता भी बताई गई। अधिकारियों को अधोसंरचना परियोजनाओं की योजना बनाते समय पोर्टल पर आवश्यक प्रविष्टियां करने तथा वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति से जुड़ी निर्धारित प्रक्रिया का पालन करने की जानकारी दी गई। कार्यशाला में पंजीयन की प्रक्रिया समझाई गई और बताया गया कि आवश्यकता होने पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी पोर्टल के उपयोग संबंधी मार्गदर्शन प्राप्त किया जा सकता है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रतीक जैन ने निर्माण एजेंसियों और संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को पोर्टल पर लॉगिन कर अपने विभाग की परियोजनाओं की प्रविष्टि सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विभागों के बीच समय पर जानकारी साझा होने से कार्यों की योजना और क्रियान्वयन में बेहतर समन्वय स्थापित होगा। कार्यशाला में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

कनकी, तरदा और जोगीपाली में आंगनबाड़ी मिलन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ करतला

महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में ग्राम कनकी, तरदा एवं जोगीपाली में आंगनबाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों-कर्मचारियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं के साथ ग्रामीणों और हितग्राहियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि संबंधित ग्राम की सरपंच एवं ग्राम संयोजक रहीं। विभागीय अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों एवं ग्राम के वरिष्ठजनों की उपस्थिति में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजा-अर्चना के साथ किया गया।

इस अवसर पर महतारी वंदन योजना एवं पोषण योजना के चिन्हांकित हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया गया। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को श्रीफल भेंटकर सम्मानित किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा बच्चों एवं अन्य हितग्राहियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। बच्चों के लिए नाश्ता एवं भोजन की व्यवस्था की गई। साथ ही बच्चों के मनोरंजन एवं सर्वांगीण विकास के लिए विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गईं।



कार्यक्रम में उपस्थित बच्चे व आंबा कार्यकर्ता व सहायिका।

वाहन मालिकों ने एजेंसी व सर्विस सेंटर जारी रखने कलेक्टर से की मांग

मोन्ट्रा इलेक्ट्रिक ऑटो की एजेंसी बंद होने से उपभोक्ता परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में मोन्ट्रा इलेक्ट्रिक सुपर ऑटो की एजेंसी और सर्विस सेंटर बंद किए जाने की सूचना से वाहन उपभोक्ताओं में चिंता बढ़ गई है। वाहन मालिकों ने कलेक्टर को आवेदन सौंपकर मामले में हस्तक्षेप करते हुए अधिकृत सर्विस सुविधा जारी रखने की मांग की है।

उपभोक्ताओं के अनुसार, कोरबा के टीपी नगर में टाटा शोरूम के पीछे प्लॉट नंबर 427 स्थित रॉयल मोटर मोन्ट्रा एजेंसी से जिले के 100 से अधिक लोगों ने इलेक्ट्रिक सुपर ऑटो खरीदे हैं। अब संबंधित कंपनी द्वारा कोरबा की 4 एजेंसी/डीलरशिप और सर्विस सेंटर बंद करने की तैयारी किए जाने की जानकारी सामने आई है। वाहन मालिकों का कहना है कि इलेक्ट्रिक ऑटो में समय-समय पर सर्विसिंग, बैटरी की जांच, तकनीकी खराबी, स्पेयर पार्ट्स तथा वारंटी-गारंटी से जुड़े कार्यों की आवश्यकता होती है। स्थानीय सर्विस सेंटर बंद होने की स्थिति में वाहन मालिकों को मरम्मत और सर्विस के लिए दूसरे जिले में जाना पड़ेगा। इससे अतिरिक्त खर्च, समय की बर्बादी और परेशानी का सामना करना पड़ेगा। आवेदन में कहा गया है कि वाहन खरीदते समय कंपनी के अधिकृत डीलर द्वारा सर्विस और वारंटी-गारंटी सुविधाओं का भरोसा दिलाया गया था। ऐसे में एजेंसी बंद होने पर बैटरी, मोटर, कंट्रोलर, चार्जर सहित अन्य तकनीकी समस्याओं के समाधान को लेकर उपभोक्ताओं में चिंता है। उपभोक्ताओं ने कलेक्टर से संबंधित डीलर को बुलाकर वास्तविक स्थिति की जानकारी लेने तथा सर्विस सेंटर और आवश्यक सुविधाएं जारी रखने के लिए उचित निर्देश देने की मांग की है। साथ ही यदि कंपनी कोरबा में एजेंसी बंद करती है तो वैकल्पिक अधिकृत सर्विस व्यवस्था उपलब्ध कराने की मांग की गई है।



ज्ञापन देने पहुंचे ऑटो चालक व मालिक।

सेवा संकल्प अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में सेवा संकल्प अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम सेवा के रंग, राष्ट्र के संग एवं विकसित भारत 2047 रखी गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियों के माध्यम से राष्ट्र सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा विकसित भारत के संकल्प को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अनिल कुमार पांडे, डॉ. एस. के. दुबे एवं श्री विक्रम कुमार शामिल रहे। निर्णायक मंडल द्वारा रंगोलियों का विषयवस्तु, रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण एवं संदेश के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साक्षी राठौर एवं राकेश, द्वितीय स्थान पर ज्ञानेश्वरी, सिद्धि एवं सुहानी तथा तृतीय स्थान पर अंजली धारी ग्रुप, अनीता ग्रुप एवं सुमन ग्रुप रहे। पूरा कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एम वैष्णव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली, वरिष्ठ स्वयंसेवक विपिन शर्मा सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

खबर संक्षेप



अनेकों बार शिकायत के बाद भी नहीं मिली नए भवन की स्वीकृति

चैतमा। ग्राम पंचायत चैतमा के मोहल्ला चारपारा में संचालित प्राथमिक शाला जहां पर 30 बच्चे अध्यनरत हैं उन्हें पढ़ने के लिए दो शिक्षिकाएं पदस्थ हैं। उक्त भवन की स्थिति पिछले 2 साल से जर्जर हो गई है जिसे बनाने के लिए अनेकों बार शिकायत की जा चुकी है। 2 साल पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष पवन सिंह भी मौके पर जाकर भवन की स्थिति देख चुके हैं उनसे भी भवन के निर्माण के लिए मांग की गई थी किंतु आज दिनांक तक स्वीकृति न मिलने के कारण चारपारा प्राथमिक शाला का संचालन ग्राम पंचायत के भवन में किया जा रहा है जिसकी दूरी स्कूल से आधा किलोमीटर है उसे मोहल्ले के छोटे-छोटे बच्चे वहां से चलकर पंचायत भवन पढ़ने आते हैं। इसी प्रकार छपराहीपारा स्थित प्राथमिक शाला की भी स्थिति कई सालों से जर्जर है इसे भी बनाने की मांग अनेकों बार की गई किंतु शासन प्रशासन द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया गया जिससे पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं को बरसात के दिनों में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है।

सिरली में आंगन का उत्सव कार्यक्रम संपन्न



हरदीबाजार। भाजपा मंडल हरदीबाजार के ग्राम पंचायत सिरली स्थित आंगनवाड़ी केंद्र में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगन का उत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुकेश जायसवाल जिला पंचायत उपाध्यक्ष प्रतिनिधि उपस्थित रहे। वहीं आंगनवाड़ी केन्द्र में आंगन का उत्सव कार्यक्रम के प्रभारी वक्ता के रूप में दुर्गेश कश्यप वरिष्ठ भाजपा नेता ने उपस्थित जनों को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान आंगनवाड़ी केंद्र में बच्चों एवं माताओं के साथ आत्मीय संवाद करते हुए आंगनवाड़ी केंद्र की गतिविधियों और बच्चों के सर्वांगीण विकास पर चर्चा की गई। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय ग्रामीणों की सहभागिता रही।

ढेलवाडीह में 13 से आयोजित होगा संगीतमय देवी भागवत पाठ

कोरबा। ढेलवाडीह में दुर्गा पूजा विगत 26 वर्ष से गौरव शाली रूप मे मनाया जाता है। प्रति वर्ष अनेक मनोरंजक साहित्यिक,सांस्कृतिक प्रोग्राम का आयोजन होता है। लगातार 26 वर्षो से देवी भागवत देश के अन्य प्रदेशो से भी कथा वाचक आते रहे हैं इन 26 वर्षों मे समिति का सेवा औऱ समर्पण सराहनीय रहा है। इस वर्ष विभिन्न संस्कृति आयोजन साथ साथ बाबा बागेश्वर शिष्य मध्य प्रदेश सतना के पंडित आदर्श कृष्णा शास्त्री विशेष रूप मे आमंत्रित है वें तीन दिन 13,16, 19 अक्टूबर को दिव्य दरबार लगेगा। साथ हीं 9 दिन संगीतमय देवी भागवत पाठ सजेगा।

बम्हनीकोना में श्रीमद्भागवत कथा श्रवण करने पहुंचे विधायक

हरदीबाजार। ग्राम पंचायत बम्हनीकोना में कश्यप परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा में शामिल हुए कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल भगवान श्री कृष्ण की पूजा अर्चना कर कथा व्यास पीठ से श्रवण करा रहे आचार्य मनोज कृष्ण महाराज का आशीर्वाद प्राप्त किये एवं श्रद्धापूर्वक श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण किया। विधायक श्री पटेल ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण से मनुष्य के जीवन में धर्म, संस्कार और सद्भाव की भावना को सुदृढ़ करता है। इस अवसर पर पूर्व सदस्य युवा आयोग रघुराज सिंह उइके जी एवं शांतिलाल धीवर, मन्नु राठौर सहित श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण मनुष्य के जीवन में धर्म, संस्कार और सद्भाव की भावना को सुदृढ़ करता है।

निधन

पंचान भाई पटेल



कोरबा। गुजराती समाज के पूर्व संरक्षक व भाजपा नेता नवीन पटेल के पिता पंचान भाई पटेल (87 वर्ष) का बुधवार को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 30 सितंबर को अपराह्न 4 बजे उनके स्वर्णभूमि ,रायपुर स्थित निवास स्थान से देवेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी, जहाँ उनका अंतिम संस्कार किया जाएगा। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गए हैं।

पृष्ठ 1 का शेष

अस्थाई...

अधिकारी ने पुराने तहसील भवन में अस्थाई अस्पताल शिफ्ट करते समय यह आश्वासन दिया था कि मरीजों को कोई असुविधा नहीं होने दी जाएगी। इसके विपरीत आलम यह है कि अस्पताल में न तो सही ढंग से इलाज की सुविधा है और न ही आवश्यक दवाएं उपलब्ध हैं मामूली जांचों के लिए भी मरीजों को बाहर जाना पड़ रहा है।

शिवाजी नगर का गरबा पंडाल, अमृत कलश के भीतर बसेगी अद्भुत 'स्वप्न नगरी'

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अपनी अनूठी सोच, भव्यता और रचनात्मक थीम के लिए पूरे क्षेत्र में प्रसिद्ध शिवाजी नगर गरबा डांडिया एवं दशहरा उत्सव समिति इस वर्ष फिर एक अलौकिक और आकर्षक प्रयोग के साथ तैयार है। हर साल की तरह इस बार भी पंडाल के निर्माण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। इस वर्ष गरबा उत्सव का मुख्य आकर्षण 'अमृत कलश' और उसके भीतर सजने वाली 'स्वप्न नगरी' होगी।

अलग खबर

समिति द्वारा बनाए जा रहे इस भव्य पंडाल को एक विशालकाय अमृत कलश का रूप दिया जा रहा है। श्रद्धालु और दर्शक जैसे ही इस विशाल अमृत कलश के आकर्षक मुख से प्रवेश करेंगे, उन्हें 50 फीट लंबी अलौकिक और जादुई गली (कॉरिडोर) से होकर गुजरना होगा। आयोजन स्थल में प्रवेश करते ही लोग नीली रोशनी, छतरियों की सुंदर सजावट और अद्भुत कलाकृतियों से सजी एक अद्वैत 'स्वप्न नगरी' में पहुंच जाएंगे। इसी स्वप्न नगरी के दिव्य वातावरण में अगले 9 दिनों तक भक्तिभाव और उमंग के साथ माता रानी की आराधना व गरबा रास का भव्य आयोजन चलेगा। पिछले वर्ष 2025 में भी समिति ने बांस की पारंपरिक टोकनियों का रचनात्मक उपयोग कर एक बेहद अनोखा पंडाल तैयार किया था। उस नवोन्मेषी पहल को न केवल स्थानीय नागरिकों, बल्कि दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं और पर्यटकों का भी अपार प्यार मिला था। उस सफलता को देखते हुए इस वर्ष की 'अमृत कलश और स्वप्न नगरी' थीम को लेकर लोगों में भारी उत्साह और उत्सुकता देखी जा रही है।



तैयारियों में जुटी पूरी समिति, दिन-रात मेहनत

कार्यक्रम को भव्य बनाने के लिए समिति के सभी पदाधिकारी एवं सदस्य पूरी मेहनत से दिनरात तैयारी में जुटे हैं जिसमें संयोजक द्वय सुधाकर वानखेडे, विनोद नायर, अध्यक्ष वैभव शर्मा, उपाध्यक्ष अनुज जायसवाल, सचिव नागेंद्र श्रीवास, कोषाध्यक्ष रामकुमार राठौर एवं राजेश देवड़ा, इरफान खान, आयुष अग्रवाल, विजय वानखेडे, नरेश श्रीवास, गणपति झरबड़े, पुष्पेंद्र जायसवाल, प्रताप सिंह, विमल साहू, प्रभात साहू, निखिल ठाकुर, विनोद राठौर, विजेंद्र यादव, नरेंद्र जयसवाल सहित समिति के सभी सदस्य तन-मन-धन से जुटे हुए हैं।

सफाई मित्र नगर की स्वच्छता व्यवस्था की वास्तविक ताकत

सफाई मित्रों का सम्मान, उनके समर्पण को नमनः संजूदेवी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

निगम के पंडित जवाहरलाल नेहरू सभागार में जिला प्रशासन एवं नगर निगम के तत्वावधान में आयोजित सफाई मित्र सुरक्षा एवं सम्मान कार्यक्रम में महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत सम्मिलित हुईं। महापौर श्रीमती संजू देवी राजपूत ने कहा कि 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक सेवा संकल्प अभियान चलाया जा रहा है, इसी कड़ी में आज हमारे देश के सफाई मित्रों, सफाई दीदियों, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं एवं अन्य विभागों के छोटे-बड़े सभी अधिकारी कर्मचारियों को सम्मान दिया जा रहा है। आज सफाई मित्र एवं स्वच्छता दीदियां नगर की स्वच्छता व्यवस्था की वास्तविक ताकत हैं। उनकी मेहनत और निष्ठा से ही कोरबा को स्वच्छ, सुंदर एवं स्वस्थ बनाए रखने का संकल्प साकार होता है। सफाई मित्रों का योगदान केवल स्वच्छता तक सीमित नहीं है, बल्कि वे शहर के नागरिकों के स्वास्थ्य और बेहतर जीवनशैली को सुनिश्चित करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।



कार्यक्रम की मुख्य अतिथि महापौर अवलोकन करते हुए।

उन्होंने कहा कि महापौर के रूप में सफाई मित्रों की सुरक्षा, सम्मान, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करना उनकी प्राथमिक जिम्मेदारियों में शामिल है। नगर निगम परिवार के इन महत्वपूर्ण सदस्यों को बेहतर कार्य परिस्थितियां, आवश्यक सुरक्षा सुविधाएं और सम्मानजनक वातावरण उपलब्ध कराने के लिए निगम निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम के दौरान सफाई मित्रों के योगदान को नमन करते हुए महापौर ने कहा कि उनके परिश्रम और समर्पण का सम्मान करना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की कि वे स्वच्छता को अपनी आदत और सामाजिक जिम्मेदारी बनाएं तथा सफाई मित्रों के कार्यों का सम्मान करें। महापौर ने कहा कि स्वच्छ कोरबा का निर्माण जनसहभागिता और सफाई मित्रों के समर्पण से ही संभव है।

स्वच्छता दीदियों को दी गई पीपीईटी किट

निगम द्वारा सफाई से संबंधित सुरक्षा आवश्यक उपकरण की प्रदर्शनियां लगाई गई थी, जिसे महापौर, सभापति, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, एल्डरमेन एवं निगम के अपर आयुक्त व उपायुक्त का अवलोकन किया तथा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.संजय तिवारी ने स्वच्छता से संबंधित प्रदर्शनी एवं स्वच्छता के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। इस अवसर पर महापौर श्रीमती संजूदेवी राजपूत एवं सभापति नूतन सिंह ठाकुर, एमआईसी सदस्य, पार्षदगण, एल्डरमेन एवं निगम के अधिकारी कर्मचारियों ने स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों को सुरक्षा हेतु पीपीईटी किट व सुरक्षा बीमा कार्ड का भी वितरण तथा शाल व श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उन्होंने स्वच्छता के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले सफाई मित्रों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उनके समर्पण, मेहनत एवं सेवाभाव की सराहना की।

सगुना-ठाड़पखना कच्चे मार्ग पर बिछाई जा रही मुरूम



कच्चा मार्ग जिस पर बिछाया जा रहा मुरुम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

सगुना से ठाड़पखना देउरभांटा तक जाने वाला कच्चा सड़क मार्ग बरसात के दिनों में कीचड़युक्त और उबड़-खाबड़ रास्ते के कारण राहगीरों के लिए परेशानी का सबब बना हुआ था। बारिश के दौरान मार्ग की स्थिति इतनी खराब हो जाती थी कि लोगों को आने-जाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता था।

ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए सगुना की सरपंच गणेश बाई कंवर के प्रयास से अब सड़क मार्ग को आवागमन के अनुकूल बनाने का कार्य शुरू किया गया है। मार्ग के खराब हिस्सों में ट्रैक्टर के माध्यम से मुरूम बिछाई जा रही है, जिससे सड़क को समतल और चलने योग्य बनाया जा सके। मुरूम डाले जाने से सड़क पर होने वाले कीचड़ और गड्ढों से ग्रामीणों को राहत मिलने की उम्मीद है। ठाड़पखना निवासी रायसिंह कंवर ने बताया कि मार्ग के सुधरने से गांव के लोगों को आने-जाने में सुविधा होगी और बरसात के दिनों में आवागमन की समस्या भी कुछ हद तक कम होगी। सरपंच की पहल से चल रहे इस कार्य को ग्रामीणों ने राहत भरा कदम बताया है।

खेल महाकुम्भ में गोवर्धन संस्कृति श्रद्धा, सृजन में परंपरा की झलक



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अग्रवाल सभा द्वारा समाज के महाराजा अग्रसेन जयंती के खेल महाकुम्भ में अयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा गोर्वधन संस्कृति श्रद्वा निर्माण एवं सज्जा का अयोजन किया गया। भारतीय संस्कृति, धार्मिक आस्था एवं पारंपरिक विरासत को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गोवर्धन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का मुख्य विषय गोबर से गोवर्धन पर्वत का निर्माण एवं उसकी आकर्षक सज्जा करना था।

इस प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी रचनात्मकता, कलात्मक कौशल एवं धार्मिक श्रद्धा का सुंदर परिचय देते हुए गोबर से आकर्षक गोवर्धन स्वरूप तैयार किए। विभिन्न रंगों, प्राकृतिक सामग्रियों एवं पारंपरिक सजावट के माध्यम से प्रतिभागियों ने अपनी कला को साकार किया। प्रत्येक प्रस्तुति में भारतीय संस्कृति, धार्मिक मान्यताओं एवं पर्यावरण के प्रति सम्मान की झलक देखने को मिली। प्रतियोगिता का उद्देश्य नई पीढ़ी को भारतीय परंपराओं एवं धार्मिक संस्कृति से जोड़ना तथा पारंपरिक कला और रचनात्मकता को बढ़ावा देना था। गोबर जैसे प्राकृतिक पदार्थ का उपयोग कर गोवर्धन निर्माण की इस पहल ने भारतीय संस्कृति में प्रकृति के महत्व को भी उजागर किया। अग्रवाल महिला मंडल के द्वारा सामाजिक, सांस्कृतिक एवं मनोरंजक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 'फुदकते कदम, उड़ता बैलून' प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता के अंतर्गत तंगड़ी दौड़ एवं गुब्बारे के साथ मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया, जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे उत्साह और उमंग के साथ भाग लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने अपनी फुर्ती, संतुलन एवं खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। तंगड़ी दौड़ में प्रतिभागियों ने एक पैर पर उछलते हुए निर्धारित लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास किया, वहीं गुब्बारे के साथ आयोजित गतिविधियों ने कार्यक्रम में मनोरंजन और रोमांच का माहौल बना दिया। प्रतिभागियों की चंचलता, उत्साह और हंसी-ठिठोली से पूरा वातावरण आनंदमय हो उठा।

नवयुवक मंडल ने आयोजित की पांच रोचक प्रतियोगिताएं





खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेते अग्रवाल समाज के प्रतिभागी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

महाराजा अग्रसेन जयंती के उपलक्ष्य में कटघोरा के अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज द्वारा विभिन्न मनोरंजक एवं उत्साहवर्धक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में बुधवार को अग्रवाल महिला मंडल एवं अग्रवाल नवयुवक मंडल कटघोरा के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन भवन के प्रांगण में 5 रोचक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। इनमें बम बार्डिंग, बैलून ट्विस्टिंग, ब्लाइंड बॉटल चैलेंज एवं कुर्सी दौड़ प्रमुख रहीं। प्रतियोगिताओं में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और खेलों का भरपूर आनंद उठाया।

खास बात

- महिलाओं एवं पुरुष प्रतिभागियो ने लिया हिस्सा

अग्रसेन जयंती के पूर्व आयोजित इन प्रतियोगिताओं के माध्यम से समाज में आपसी मेलजोल, एकता, भाईचारे और सामूहिक सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है। अग्रसेन भवन का प्रांगण प्रतियोगिताओं के दौरान हंसी-खुशी, उमंग और उत्साह से सराबोर रहा। प्रतिभागियों के बीच जीत को लेकर उत्सुकता देखने को मिली, वहीं उपस्थित लोगों ने तालियों और उत्साहवर्धन के साथ उनका मनोबल बढ़ाया। कार्यक्रम के अंतर्गत सर्वप्रथम बम बार्डिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई। इसमें प्रतिभागियों ने उत्साह और मनोरंजक अंदाज में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। रोचक मुकाबले के बाद आरुही बंसल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि आर्ची अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहे। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के साथ-साथ दर्शकों में भी खासा उत्साह देखने को मिला। बैलून ट्विस्टिंग प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने अपनी फुर्ती, कौशल और उत्साह का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में श्रीमती स्वेता गर्ग व श्रीमती दीपिका अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया,जबकि श्रीमती कोमल सिंघानिया एवं मिस्टी अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहीं। आयोजन की अंतिम प्रमुख प्रतियोगिता कुर्सी दौड़ रही, जिसमें प्रतिभागियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ हिस्सा लिया। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों के बीच रोचक मुकाबला देखने को मिला। इसमें विराज अग्रवाल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि कु भूमि अग्रवाल द्वितीय स्थान पर रहीं।

सेवा संकल्प अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार

शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में सेवा संकल्प अभियान के तहत रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता की थीम सेवा के रंग, राष्ट्र के संग एवं विकसित भारत रखी गई। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विद्यार्थियों और एनएसएस स्वयंसेवकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए आकर्षक एवं संदेशपरक रंगोलियों के माध्यम से राष्ट्र सेवा, सामाजिक जिम्मेदारी, स्वच्छता, पर्यावरण संरक्षण तथा विकसित भारत के संकल्प को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया।

प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में डॉ. अनिल कुमार पांडे, डॉ. एस. के. दुबे एवं श्री विक्रम कुमार शामिल रहे। निर्णायक मंडल द्वारा रंगोलियों का विषयवस्तु, रचनात्मकता, प्रस्तुतीकरण एवं संदेश के आधार पर मूल्यांकन किया गया। प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर साक्षी राठौर एवं राकेश, द्वितीय स्थान पर ज्ञानेश्वरी, सिद्धि एवं सुहानी तथा तृतीय स्थान पर अंजली धारी ग्रुप, अनीता ग्रुप एवं सुमन ग्रुप रहे। पूरा कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एम एम वैष्णव के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ इस कार्यक्रम में महिला कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अंजली, वरिष्ठ स्वयंसेवक श्री विपिन शर्मा सहित महाविद्यालय के विद्यार्थी और स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

जहां अपनों ने छोड़ा, वहां प्रशांति ने थामा हाथ,बुजुर्गों के लिए उम्मीद का घर बना प्रशांति वृद्धाश्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

उम्र के उस पड़ाव पर, जब इंसान को सबसे ज्यादा जरूरत अपनों के साथ, स्नेह और सहारे की होती है, कुछ बुजुर्ग ऐसे भी हैं जिन्हें जिंदगी ने अपनों से दूर कर दिया। किसी के सिर से परिवार का साया उठ गया, तो किसी को अपने ही घर में उपेक्षा का सामना करना पड़ा। ऐसे बुजुर्गों के लिए कोरबा का प्रशांति वृद्धाश्रम पिछले 23 वर्षों से सिर्फ एक आश्रय नहीं, बल्कि एक ऐसे घर की भूमिका निभा रहा है, जहां उन्हें सम्मान, अपनापन और जीवन जीने का सहारा मिलता है। 1 अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर प्रशांति वृद्धाश्रम की कहानी उन बुजुर्गों की कहानी है, जिनके जीवन की सांझ को इस संस्था ने अकेलेपन के अंधेरे से निकालकर अपनत्व की रोशनी दी है।

प्रशांति वृद्धाश्रम की नींव कोरबा के पहले कलेक्टर पीसी दलेई की पहल से पड़ी। निगम द्वारा वृद्धाश्रम का निर्माण कराया गया। 19 सितंबर 1998 को तत्कालीन जांजगीर लोकसभा सांसद चरणदास महंत ने इसका लोकार्पण किया। हालांकि भवन तैयार होने के बाद भी वास्तविक रूप से वृद्धाश्रम के संचालन का सपना कुछ वर्षों बाद साकार हुआ। 23 अप्रैल 2003 को छत्तीसगढ़ के प्रथम मुख्यमंत्री अजीत जोगी के मुख्य आतिथ्य में आयोजित समारोह के साथ प्रशांति वृद्धाश्रम के संचालन की शुरुआत हुई। इसके पीछे तत्कालीन कलेक्टर इशिता राय के प्रयास महत्वपूर्ण रहे। प्रशांति वृद्धाश्रम को छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग की योजना में शामिल किया गया और इसके संचालन की जिम्मेदारी रोटरी क्लब को सौंपी गई। करीब दो वर्ष संचालन के बाद रोटरी क्लब ने वृद्धाश्रम को जिला प्रशासन को हैंडओवर कर दिया। समय के साथ प्रशांति वृद्धाश्रम की जिम्मेदारी भी बदलती रही। 1 जुलाई 2005 को तत्कालीन कलेक्टर गौरव द्विवेदी ने नवदृष्टि समाजसेवी संस्था को प्रशांति वृद्धाश्रम के संचालन की जिम्मेदारी सौंपी। तब से यानी 21 सालों से संस्था द्वारा वृद्धाश्रम का संचालन निरंतर किया जा रहा है। यहां रहने वाले बुजुर्गों के लिए संस्था ने इसे केवल रहने की जगह नहीं, बल्कि परिवार जैसा माहौल देने का प्रयास किया है।

न्यायालय तहसीलदार कोरबा, जिला-कोरबा (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क. 202609050600009
श्रेणी-अ-6 वर्ष- 2025-26
ग्राम- रामपुर, प.ह.न.-17

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गण रितेश कुमार मिश्रा पिता स्व. मुन्नू लाल मिश्रा वगैरह निवासी आई.टी.आई. रामपुर कोरबा तहसील व जिला कोरबा (छ.ग.) द्वारा आवेदकगण के पिता मुन्नू लाल मिश्रा पिता स्व. नर्मदा प्रसाद मिश्रा के स्वामित्व की भूमि ग्राम रामपुर प.ह.नं. 17 रा.नि.मं. कोरबा तहसील व जिला कोरबा में स्थित भूमि ख. नं. 306 रकबा 0.1300 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदकगण के पिता मुन्नू लाल मिश्रा की मृत्यु दिनांक 06/02/2022 को हो जाने के फलस्वरूप उक्त भूमि को विधिक वारिसानों के नाम से फौती नामांतरण किये जाने बाबत छ.ग.भू.रा. संहिता 109, 110 के तहत इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त संबंध मे किसी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपना दावा/आपत्ति इस न्यायालय में नियत तिथि दिनांक 16/10/2026 तक स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25/09/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मुद्रा से जारी।

तहसीलदार
जिला कोरबा (छ.ग.)

कोरबा मार्केट

गुप्त रोग
विशेषज्ञ से स्त्री-पुरूष मिले 100% गारंटी
आयुर्वेद ईलाज
नामर्दी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु, पतला, पेशाब के साथ धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिपलिस, गनौरिया, चर्मरोग इत्यादि सभी प्रकार
25 वर्षों से स्थाई के गुप्तरोग का ईलाज किया जाता है।
बिना ऑपरेशन गारंटी ईलाज अण्डकोष बवासीर, भगंदर
देशी-विदेशी लिंगवर्धक यंत्र उपलब्ध है
माँ सर्वमंगला क्लीनिक
डॉ. आर.के. बंगाली, नया बस स्टैंड रोड पर बंगाली चाल
ट्रांसपोर्ट नगर कोरबा, मो. 90746 65998

स्वास्थ्य सेवा में बनाएं अपना सुनहरा भविष्य
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल एण्ड पैरामेडिकल कॉलेज
मान्यता प्राप्त एवं परिषद से संबद्ध, MP MEDICAL COUNCIL से संबद्ध
पात्रता (ELIGIBILITY) केवल 12वीं पास (बायो विषय अनिवार्य) व्यावहारिक ज्ञान पर विशेष प्रशिक्षण
कोर्सेज (पाठ्यक्रम)
D.M.L.T. (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नोलॉजियन) (2 वर्ष)
O.T. TECHNICIAN (ऑपरेशन थिएटर टेक्नीशियन) (1 वर्ष)
X-RAY TECHNICIAN (एक्स-रे टेक्निशियन) (2 वर्ष)
CMS & ED (कम्युनिटी मेडिकल सर्विसेज & इमरजेंसी टेक्नीशियन) (1.5 वर्ष)
8770020185
सिद्धि विनायक हॉस्पिटल, प्लॉट नं. 52, कोशावाड़ी, ब्लू बर्ड स्कूल के पीछे, कोरबा, छत्तीसगढ़

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

स्वास्थ्य शिविर आज

कोरबा। कलेक्टर कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस.एन.केशरी के नेतृत्व में 1 अक्टूबर को विश्व वयोवृद्ध दिवस पर इंदिरा गाँधी ऑडिटोरियम खेल परिसर टीपी नगर में दोपहर 2 बजे से स्वास्थ्य विभाग, समाज कल्याण विभाग, नगर निगम तथा राजस्व विभाग के सहयोग से राष्ट्रीय बुजुर्ग स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के तहत विभीन्न बिमारियों की स्क्रीनिंग हेतु स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जा रहा है।

मॉनिटरिंग सेल एवं नेशनल लोक अदालत संबंधी बैठक आयोजित

कोरबा। मॉनिटरिंग सेल एवं नेशनल लोक अदालत के संबंध में कोरबा जिले के अधिकारियों का बैठक सम्पन्न हुआ। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, श्रीमती नीता यादव की अध्यक्षता में मॉनिटरिंग सेल एवं नेशनल लोक अदालत की तैयारी के लिए जिला न्यायालय परिसर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के कक्ष में बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रथम जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती गरिमा शर्मा, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट कोरबा, सुश्री मयुरा गुप्ता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा, कु0 डिम्पल, जिला कलेक्टर कुणाल दुदावत, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी व पी.डब्लू.डी. विभाग की ओर से अधिकारीगण उपस्थित रहे।

लाफा में नशामुक्ति की शपथ लेकर ग्रामीणों ने निकाली जागरूकता रैली



कोरबा। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत जनपद पंचायत पाली के ग्राम लाफा में 28 सितंबर को नशा मुक्ति अभियान के तहत शपथ ग्रहण एवं जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। समाज कल्याण विभाग और आबकारी विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की उपस्थिति में ग्रामीणों ने स्वयं नशे से दूर रहने तथा परिवार और समाज को नशामुक्त बनाने में योगदान देने की शपथ ली। जागरूकता रैली के माध्यम से ग्रामीणों को नशे के शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई। युवाओं और आमजन से नशे से दूर रहने तथा नशामुक्त समाज के निर्माण में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की।

चित्रकला और भाषण प्रतियोगिताओं में विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा



कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत कटघोरा, करतला, पाली और पोड़ी-उपरोड़ा विकासखंडों में विद्यार्थियों के लिए चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। विद्यालय और संकुल स्तर से चयनित विद्यार्थियों ने इनमें भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में 781 तथा भाषण प्रतियोगिता में 578 विद्यार्थियों ने अपनी प्रतिभा प्रस्तुत की। भाषण प्रतियोगिता, माध्यमिक स्तर कटघोरा में अदिति धांधी प्रथम और रिचा कुमारी द्वितीय, करतला में देविका राठिया प्रथम और नितेश कुमार राठिया द्वितीय, पाली में श्वेता यादव प्रथम और जेबा खान द्वितीय तथा पोड़ी-उपरोड़ा में काजल मरकाम प्रथम और काजल कुमार द्वितीय स्थान पर रहे। भाषण प्रतियोगिता, प्राथमिक स्तर कटघोरा में कैसरजा अंसारी प्रथम और प्रियांसी गभेल द्वितीय, करतला में सौम्या पटेल प्रथम और हुताक्षी पाठक द्वितीय, पाली में कामनी सिंह प्रथम और प्रियांशी मरावी द्वितीय तथा पोड़ी-उपरोड़ा में अखिल कुमार प्रथम और पवन्ती द्वितीय स्थान पर रहे। चित्रकला प्रतियोगिता, माध्यमिक स्तर कटघोरा में मिस्टी साई प्रथम और सुमैया खातून द्वितीय, करतला में तमन्ना कंवर प्रथम और निशा राठिया द्वितीय, पाली में रूबी खातून प्रथम और मुस्कान राठौर द्वितीय तथा पोड़ी-उपरोड़ा में गरिमा प्रथम और दृशा बिंझवार द्वितीय स्थान पर रहीं।

टीपीनगर प्रीमियम शराब दुकानों में आज से जेब में 'कैश' लेकर जाने की जरूरत नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

छत्तीसगढ़ में आबकारी व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, हाईटेक और सुविधाजनक बनाने की दिशा में एक बड़ा फैसला लिया गया है। प्रदेश की सभी प्रीमियम विदेशी मदिरा दुकानों में अब नकद (कैश) भुगतान की प्रक्रिया पूरी तरह बंद कर दी गई है। शहर के टीपीनगर स्थित प्रीमियर शॉप में 1 अक्टूबर से कैशलेस व्यवस्था संचालित होगी। इसके लिए जिला आबकारी अधिकारी ने आदेश जारी कर दिया है।

उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ स्टेट मार्केटिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड के नए निर्देशों के तहत 1 अक्टूबर से राज्य की सभी प्रीमियम शराब दुकानों को पूर्णतः 'कैशलेस' करने के आदेश जारी किए गए हैं। इसी कड़ी में कोरबा शहर के ट्रांसपोर्ट नगर स्थित प्रीमियम मदिरा दुकान भी आज से पूरी तरह कैशलेस व्यवस्था के तहत संचालित होगी। अब यहां आने वाले ग्राहकों को नकद राशि देने की आवश्यकता नहीं होगी, बल्कि डिजिटल माध्यमों से ही भुगतान करना होगा। जिला आबकारी अधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि विभाग ने शासन के मंशा के अनुरूप समय-सीमा के भीतर सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली हैं। टीपी नगर स्थित प्रीमियम शॉप में डिजिटल पेमेंट के लिए स्वाइप मशीनें, क्यूआर कोड स्कैनर और अन्य ऑनलाइन भुगतान तंत्र को पूरी तरह सक्रिय कर दिया गया है। आबकारी अधिकारियों के अनुसार, इस कदम से न केवल लेनदेन में पारदर्शिता आएगी बल्कि ओवरचार्जिंग जैसी शिकायतों पर भी पूरी तरह अंकुश लगेगा। गुरुवार से टीपी नगर प्रीमियम शॉप में शराब खरीदने के लिए ग्राहकों को यूपीआई, डेबिट/क्रेडिट कार्ड या नेट बैंकिंग का ही उपयोग करना होगा। विभाग ने मदिरा प्रेमियों से भी अपील की है कि वे दुकान पहुंचते समय अपने पास डिजिटल भुगतान का माध्यम अवश्य रखें।

आबकारी विभाग ने किया पूरी तरह से कैशलेश लेनदेन



आज से मिलेगी सुविधा

आज से ऑनलाइन भुगतान पर बिक्री टीपीनगर स्थित प्रीमियर शॉप में आज से ऑनलाइन भुगतान के माध्यम से ही शराब की बिक्री की जाएगी। नकद भुगतान पर कोई भी बिक्री नहीं होगी। इसके लिए विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है।

-रविशंकर यादव, प्रभारी सहायक आयुक्त, आबकारी, कोरबा

आयोजन को लेकर शिक्षा विभाग में नहीं बनी सहमति

नहीं हुई संभाग स्तरीय स्पर्धा, अब राज्य स्तरीय पर भी लग रहा ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले में पहली बार ऐसा होने जा रहा है कि संभाग स्तरीय आयोजन ही शिक्षा विभाग के अंतर्गत आने वाले खेल विभाग के द्वारा नहीं किया गया। अब राज्य शासन के द्वारा

खास बात

- फंड को लेकर विभाग के सामने खड़ी हुई समस्या

क्रिकेट और बालीवाल के लिए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता कराने की मेजबान को दी गई है, लेकिन उक्त स्पर्धा को कराने में भी शिक्षा विभाग के हाथ पैर फूलने लगे हैं। इसके पीछे फंड नहीं होने का कारण बताया जा रहा है। तमाम संसाधन होने के बावजूद खेल को लेकर विभाग की ओर से सामने आई स्थिति से यह स्पष्ट होता है कि खेल के प्रति प्रशासन रुचि नहीं दिखा रहा है।

खेल प्रतिभाओं के लिए भले ही इंदिरा स्टेडियम में स्पोर्ट्स अकादमी और बालक आदिवासी क्रीड़ा परिसर शुरू करने की योजना पर कार्य हो रहा है लेकिन राज्य शासन के द्वारा जारी किए जाने वाले शालेय खेलकूद कैलेंडर के तहत इस वर्ष जिले में केवल ब्लाक स्तरीय और जिला स्तरीय प्रतियोगिता ही आयोजित हुई। पहली बार संभाग स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता को आयोजित कराने में शिक्षा विभाग के द्वारा हाथ खड़े कर दिए गए। परिणाम स्वरूप जिले के वो खिलाड़ी जिनका चयन संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ था उन्हें बिलासपुर जाना पड़ा। संभाग स्तरीय प्रतियोगिता के बाद खेल कैलेंडर के तहत राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है। जिले को इस बार क्रिकेट और बालीबाल के राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्कूल शिक्षा विभाग के द्वारा मेजबान के लिए जिम्मेदारी दी गई है। लेकिन शिक्षा विभाग अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता को कराने में भी असमर्थ नजर आ रहा है। सूत्र बताते हैं कि बीते वर्ष के आयोजन को लेकर शासन की ओर से आने वाला फंड पूरा नहीं आया परिणाम स्वरूप आयोजन को लेकर समस्या खड़ी हो गई है। यही कारण है कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं का भी आयोजन जिले में नहीं हो पाएगा और अगर ऐसा हुआ तो संभवतः पहली बार होगा जब जिले में संभाग स्तरीय और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन नहीं किया जाएगा।



औद्योगिक उपक्रमों का मिलता है सहयोग

जब जब जिले में राज्य स्तरीय जैसी क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन हुआ है तब तब जिले के औद्योगिक उपक्रम बालको, कोरबा पावर, एनटीपीसी, एसईसीएल के द्वारा अपनी ओर से पुरस्कार एवं अन्य संसाधन प्रशासन को उपलब्ध कराए जाते हैं। बीते साल भी संपन्न हुई राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भी औद्योगिक उपक्रमों ने अपना सहयोग दिया था और राज्य शासन से भी फंड स्वीकृत हुआ था। वहीं विभाग के द्वारा पूरक बजट की भी मांग शासन से की गई थी। इस तरह फंड की कमी बीते वर्ष नहीं हुई और इस वर्ष फंड की कमी बताया जाना समझ से परे है।

लिया जाता है स्कूलों से क्रीड़ा शुल्क

जिले के शासकीय और अशासकीय स्कूलों से प्रति वर्ष 65 रुपए प्रति छात्र की दर से क्रीड़ा शुल्क लिया जाता है। जिसकी 45 प्रतिशत राशि विकासखंड शिक्षा कार्यालय और शेष 55 प्रतिशत राशि शिक्षा विभाग को जाती है। ऐसे में एक बड़ी राशि का संग्रहण होने के बावजूद खेलों के आयोजन को लेकर फंड की कमी बताया जाना समझ से परे है। जबकि खेलों के आयोजन को लेकर समय समय पर विभाग को सहयोग भी मिलता रहा है।

फंड की मांग की गई है

संभाग स्तरीय नहीं हो सकी थी। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के आयोजन के लिए प्रयास किया जा रहा है। शासन से फंड की मांग की गयी है।

-टी पी उपाध्याय, जिला शिक्षा अधिकारी

विधवा महिला से सामूहिक अनाचार के मामले में 20 वर्ष का कठोर कारावास

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

विधवा महिला के घर घुसकर अनाचार किए जाने के मामले में आरोपियों के खिलाफ दोष सिद्ध होने पर फास्ट ट्रैक कोर्ट ने दोनों आरोपियों को 20 वर्ष कठोर कारावास की सजा से दंडित किया है। अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने बताया आरोपी हस्नुहन मंझवार और अजय सिंह ने लेमरू थाना क्षेत्र अंतर्गत निवासरत एक विधवा महिला के घर रात में जबरदस्ती घुसकर उसके साथ गैंगरेप किया और उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए थे। पीड़ित महिला ने घटना की शिकायत थाना लेमरू में कई थी जहाँ आरोपियों के विरुद्ध धारा 332 बी, 351(3) , 70(1) गैंगरेप का अपराध दर्ज किया गया था। डीएनए रिपोर्ट में बलात्कार की पुष्टि होने पर जब दुबारा पीड़िता को न्यायालय में बुलाया गया तो पीड़िता ने बलात्कार होने की बात स्वीकार की और बताया कि उसे पहले डराया गया था इसलिए उसने पूर्व बयान में कुछ नही बताया था। दोनों आरोपियों के खिलाफ साक्ष्य पाए जाने पर फ़ास्ट ट्रैक कोर्ट न्यायाधीश माननीय सीमा प्रताप चंद्रा ने दो आरोपियों को 20 वर्ष के कठोर कारावास की सज़ा सुनाई है। लोक अभियोजक मोहन सोनी ने अभियोजन का पक्ष मजबूती से रखा जिसके कारण जघन्य अपराध के आरोपियों को कठोर दंड से दंडित किया गया है।

बंद मकान में चोरों का धावा, जांच में जुटी पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

सिविल लाइन थाना अंतर्गत कोसाबाड़ी कोसाबाड़ी में देर रात चोरों ने एक बंद मकान को अपना निशाना बनाया। बताया जा रहा है कि मकान मालिक अपने परिवार से मिलने ऑस्ट्रेलिया गया हुआ है। इसी का फायदा उठाकर शातिर चोरों ने देर रात धावा बोला। ताला तोड़कर घर के अंदर घुसे चोरों की नजर जैसे ही दीवार पर लगे सीसीटीवी कैमरे पर पड़ी, उन्होंने तुरंत कैमरे की लाइन काट दी। लेकिन, चालाकी दिखाने से पहले ही चोरों के चेहरे और उनकी हरकतें सीसीटीवी कैमरे में कैद हो चुकी थी। घर में कोई कीमती सामान हाथ न लगने के कारण चोरों को खाली हाथ ही बैरंग भागना पड़ा। फिलहाल, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

हरिभूमि
पाठकों के लिए माह सितंबर 2026 का बिल निम्नानुसार है

विवरण	दर	राशि
10 दिन	4.00	40.00
20 दिन	5.00	100.00
30 दिन,	कुल योग=	140.00

कृपया पाठकगण माह सितंबर 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 अक्टूबर 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर

तीन दिन से सूखे टेप नल, बूंद-बूंद पानी को तरसे कोरबा पश्चिम के लोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोरबा पश्चिम के लोगों के लिए पेयजल संकट अब कोई नई बात नहीं रह गई है। पिछले तीन दिनों से टेप नलों में पानी नहीं आने के कारण क्षेत्र के नागरिकों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। घरों में रोजमर्रा के काम प्रभावित हो रहे हैं और लोग पानी की व्यवस्था के लिए परेशान हैं। हैरानी की बात यह है कि हर महीने इसी तरह की समस्या सामने आती है लेकिन निगम प्रशासन अब तक इसका स्थायी समाधान नहीं निकाल पाया है।

कोरबा पश्चिम में पेयजल आपूर्ति की व्यवस्था हसदेव बैराज से जुड़े जलशोधन संयंत्र के माध्यम से संचालित होती है। यहां से शोधित पानी इंदिरा नगर, जमनीपाली स्थित एमजीआर प्लांट के माध्यम से कुसमुंडा, बांकी, कुचेना और गेवरा बस्ती के ओवरहेड टैंकों तक पहुंचाया जाता है। इसके बाद विभिन्न वार्डों में पानी का वितरण किया जाता है। इतनी विस्तृत जलापूर्ति व्यवस्था होने के बावजूद बार-बार पानी की सप्लाई बाधित होना इसकी कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। कभी मोटर खराब होने तो कभी वाल्व में खराबी आने की सूचना मिलती है। तकनीकी गड़बड़ियों के कारण पूरी व्यवस्था प्रभावित होती है और इसका सीधा खामियाजा आम नागरिकों को भुगतना पड़ता है। स्थानीय लोगों की परेशानी केवल तीन दिनों की जलापूर्ति बाधित होने तक सीमित नहीं है। उनका कहना है कि हर महीने किसी न किसी कारण से पानी की सप्लाई प्रभावित होती है। सवाल यह है कि जब समस्या बार-बार सामने आ रही है, तो मोटर, वाल्व और पाइपलाइन की नियमित जांच तथा रखरखाव की व्यवस्था क्यों नहीं की जा रही है? क्या नगर निगम के पास तकनीकी खराबियों से निपटने के लिए पर्याप्त वैकल्पिक व्यवस्था नहीं है? क्या जलापूर्ति व्यवस्था की निगरानी केवल शिकायत मिलने के बाद ही की जाती है? तीन दिनों से पेयजल संकट झेल रहे नागरिकों के बीच जिम्मेदार अधिकारियों की सक्रियता को लेकर नाराजगी है। वहीं, क्षेत्र के चुने हुए जनप्रतिनिधियों की चुप्पी भी चर्चा का विषय बनी हुई है। जनता अपनी समस्या लेकर किसके पास जाए और उसकी सुनवाई कब होगी, यह सवाल लगातार बना हुआ है। पेयजल जैसी बुनियादी सुविधा के लिए नागरिकों को हर महीने इस तरह परेशान होना पड़े, तो नगर निगम की नलजल योजना की सफलता पर सवाल उठना स्वाभाविक है।



पंप की सुधार कार्य करते कर्मचारी।

आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम आयोजित

कोरबा। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आंगन मिलन सेवा कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र भंवर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत कोरबा के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार सिंह सम्मिलित हुए। इस अवसर पर डॉ. पवन कुमार सिंह ने उपस्थित ग्रामीणजनों एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में आंगनबाड़ी एवं महिला-बाल विकास से जुड़ी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके उद्देश्यों के बारे में जानकारी साझा की। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्र बच्चों के पोषण, प्रारंभिक शिक्षा एवं उनके सर्वांगीण विकास के साथ-साथ माताओं एवं महिलाओं तक विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की गतिविधियों, बच्चों के पोषण एवं शिक्षा से संबंधित विषयों पर भी चर्चा की गई। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणजनों की उपस्थिति रही।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना



प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780

सांसद मद के 14 कार्य निरस्त, प्रभारी मंत्री मद के भी कई कार्य नहीं हो सके पूर्ण

सांसद, विधायक व प्रभारी मंत्री मद के कार्य पड़े अधूरे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों के अधोसंरचना क्षेत्र में विकास कार्य को लेकर सांसद, विधायक व प्रभारी मंत्री के द्वारा क्षेत्रीय जनता की मांग के अनुसार स्वीकृत किए गए कार्यों में कई ऐसे कार्य हैं जो अधूरे पड़े हैं तो कुछ निरस्त हो गए हैं। इसके पीछे निर्माण एजेंसियों के द्वारा कार्य पूर्ण कराने में रुचि नहीं लेना सामने आया है। वहीं ठेका कंपनी पर भी निर्माण एजेंसियां दबाव नहीं बना पा रही हैं।

जिले में 2021-22 से लेकर अब तक के अधोसंरचना के क्षेत्र में सांसद, विधायक व प्रभारी मंत्री मद के स्वीकृत किए गए कार्यों की समीक्षा में जो जानकारी सामने आई है वह चौंकाने वाली है। विशेषकर दूरस्थ क्षेत्रों के ग्रामीण अंचलों की स्थिति में कार्यों की दुर्गति हो गई है। स्थिति यह है कि जनपद के जिम्मेदार अधिकारी इन कार्यों का निरीक्षण करने नहीं पहुंचे। बीते 2019-20 में 792 करोड़ 203 कार्य स्वीकृत हुए थे। जिसमें 196 कार्य ही पूर्ण बताए गए हैं। वहीं दो कार्य निरस्त कर दिए गए हैं। इसी तरह 2020-21 में 114 कार्य शुरू नहीं हुए हैं एवं 13 कार्य प्रगति में बताए गए हैं। जनपद पंचायत कोरबा में 2022 से 2026 तक 8 कार्यों के लिए 31 लाख रुपए की स्वीकृति हुई थी जो अब तक पूरे नहीं हुए हैं। इसी तरह नगर निगम में 10 कार्य स्वीकृत हुए थे वह भी केवल प्रगतिरत बताए गए हैं।




मदवार जानकारी

सांसद मद से बीते पांच साल कुल 508 कार्य स्वीकृत हुए थे। जिनमें 306 कार्य ही पूरे हुए हैं।105 कार्य अभी भी प्रगतिरत बताये गए हैं। 33 कार्य शुरू ही नहीं हुए। वहीं 12 कार्य निरस्त हुए। 2022 वित्तीय वर्ष में इसी तरह प्रभारी मद के 197 कार्य अभी भी प्रगतिरत बताये गए हैं। 44 कार्य शुरू ही नहीं हुए तथा 13 कार्य निरस्त किये गए हैं।

ये है जनपदों की स्थिति

सबसे खराब स्थिति जनपद पंचायत पोड़ी उपरोड़ा की सामने आई है। जिनमें सभी कार्य प्रगतिरत बताए गए हैं। 6 कार्य शुरू नहीं हुए हैं जिनके लिए 28 लाख रुपए की राशि स्वीकृत हुए थे। इसी तरह 13 कार्य प्रगतिरत बताए गए हैं जिनके लिए 39 लाख रुपए स्वीकृत हुए हैं। जनपद पंचायत पाली में 13 कार्यों के लिए 47 लाख रुपए स्वीकृत हुए थे, जो शुरू नीं हुए हैं। जनपद पंचायत करतला में 13 लाख रुपए 8 कार्यों के लिए स्वीकृत हुए थे। जो प्रगतिरत बताए गए हैं और 3 कार्य शुरू नहीं हुए हैं।



स्पेशल ट्रेन से - 19 दिसम्बर से 29 दिसम्बर 2026 (11 दिन)
कोरबा, बिलासपुर, रायपुर, दुर्ग, गोंदिया से होकर
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी,
श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी,
श्री कन्याकुमारी
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 9165-411411